तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 24 जनवरी 2024



14 भगवान राम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान की झांकी के साथ निकाली ...



13 जामगांव आर में मनी दीपावाली, छलका उत्साह






## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल में आज वार्षिकोत्सव

**गुरूर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में आज वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा होंगी, अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू करेंगी। विशेष अतिथि उपाध्यक्ष नगर पंचायत प्रमोद सोनवानी, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत टिकेश्वरी साहू, पार्षद चिंताराम साहू, कुंती उर्फ इंद्रावती सिन्हा, अनुसुइया ध्रुव, भूपेश (सोनू) लोहले, चंद्रलता होमेंद्र साहू, शोभित राम ओझा, खिलानंद साहू, ललिता जामदार, गजेंद्र मंडावी, मुकेश साहू, जीतेश्वरी निषाद, जितेंद्र ढीमर रहेंगे।

### अंडा में जस-झांकी स्पर्धा 26 व 27 को

**अंडा।** श्री दयालू दीपकिरण जस झंकार आबादी पारा एवं समस्त ग्रामवासी अंडा के तत्वावधान में श्री नित्यानंद नागवंशी की स्मृति में दो दिवसीय जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 26 एवं 27 जनवरी को किया जाएगा। समिति अध्यक्ष राजेश कुमार धीवर ने बताया कि पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता होगी, जिसके लिए प्रवेश शुल्क 201 रुपए रखा गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम पुरस्कार 3001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2501, तृतीय 2001, चतुर्थ पुरस्कार 1501, पंचम पुरस्कार 1001, षष्टम 701 तथा सप्तम पुरस्कार 501 रुपए प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह झांकी वर्ग के लिए प्रवेश शुल्क 201 रुपए रखा गया है। इसके लिए भी विभिन्न वर्गों में पुरस्कार रखे गए हैं।

### अकलवारा में 27 को कबड्डी प्रतियोगिता

**गुरूर।** ग्राम अकलवारा में नवयुवा छात्र संघ सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों ने एक दिवसीय महिला एवं पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 27 जनवरी को रखा है। जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 7024 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 5024 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2524 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 1524 रूपये रखा गया है। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5024 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3024 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2024 रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 1024 रूपये रखा गया है तथा बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर, बेस्ट ऑलराउंडर के लिए भी पुरस्कार रखा गया है।

### दुपचेरा में मड़ई आज

**गुरूर।** ग्राम दुपचेरा में आज 24 जनवरी बुधवार को मड़ई मेले का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में महके मोगरा नाच पार्टी की प्रस्तुति होगी।

### बासीन में कबड्डी स्पर्धा

**गुरूर।** रंगीला रक्तदान ग्रुप के तत्वाधान में ग्राम बासीन में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया है। जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 10024 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7024 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5024 रूपये रखा गया है। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5024 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3024 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2024 रूपये रखा गया है। बेस्ट ऑलराउंडर, बेस्ट कैचर के लिए भी पुरस्कार रखा है।

# 5100 दीपों से जगमगाया नगर का बस स्टैंड, जलते दीयों से बनाई श्री राम की अलौकिक आकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

अयोध्या में भगवान रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव के शुभ अवसर पर नगर के बस स्टैंड पर संध्या 5100 दीप जलाकर रोशनी की गई व घरों मे दीपमालिका सजाई गई। इससे गुरुर रोशनी से नगर जगमगा उठा। इस अद्भुत नजारे के ऐतिहासिक क्षणों के साक्षी नगरवासी बने, यह दीप भक्ति का प्रतीक, आस्था, उम्मीद की किरणों लेकर आया। दीप से बनाई गई प्रभु श्रीराम की आकृति सुंदर मोहक श्रृंखला ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। रामलला के आगमन से पूरे नगरवासियों में उत्साह, आनंद एवं भक्ति भाव का माहौल बना रहा। एक साथ ▶▶| शेष पेज 12 पर

### गुरूर में धूमधाम से मनाया गया रामोत्सव, ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने छलका उत्साह







### तोरण-पताकों से पटा नगर, घर-घर सजाई रंगोली

नगर के चौक चौराहों पर रंग बिरंगे लाईटे, मन मोहक साज सज्जा के साथ भव्य तरीके से दीपोत्सव मनाया गया। वही नगर भर को तोरण, ध्वज पताका एवं घर घर को रंगोली से सजाया गया और राम जी की शोभायात्र रैली निकालकर जयकारा लगाते भ्रमण किया गया। मंदिरों एवं देवालयों में मानस मंडली द्वारा भजन, कीर्तन, चालीसा, पाठ किया गया। जगह जगह प्रसादी भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य अंकुश दीवान, आकाश देवांगन, लव कुमार सेन, रवि साहू, अभिषेक, मोनू सिन्हा, गोलू साहू, हिमांशु लावत्रे, तोमेश साहू, निशु, मोंटू सिन्हा, गुलाब साहू, सोनू देवदास, वाशु सोनवानी उपस्थित थे।

## धान खरीदी : जिले में धान की बंपर आवक, अब खरीदी को केवल 4 दिन शेष

# लक्ष्य से 85 हजार क्विंटल ज्यादा धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का कार्य अब मात्र चार दिन और चलेगा, उसके बाद खरीदी का कार्य बंद हो जाएगा। शासन द्वारा खरीदी की तारीख को अब तक बढ़ाने का कोई आदेश जारी नहीं हुआ है, लेकिन उम्मीद है कि सरकार खरीदी की तारीख को आगे बढ़ा सकती है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले में लक्ष्य से ज्यादा धान की खरीदी हो गई है। इस बार जिले के किसानों से 68 लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन लक्ष्य से ऊपर अब तक 68 लाख 85 हजार 488 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। जिला नोडल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले के 1 लाख 49 हजार 157 पंजीकृत किसानों में से अब तक 1 लाख 38 हजार 33 किसान



68 लाख 85 हजार 488 क्विंटल धान उपार्जन केंद्रों में बेच चुके हैं। वहीं, परिवहन के नाम पर अब भी सुस्ती दिख रही है। एक ओर जहां जिले में बारिश का साया मंडरा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर 25 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदी केंद्रों में खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है। हालांकि धान की सुरक्षा कैप कवर से किया जा रहा है, लेकिन कई केंद्रों में स्थिति बेहद खराब है और फटे पुराने कैप कवर से धान को सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है।

### खरीदी केंद्रों में 25 लाख क्विंटल धान जाम

जानकारी के अनुसार अब तक 43 लाख 63 हजार 882 क्विंटल धान का परिवहन किया जा चुका है, जबकि 25 लाख 21 हजार 606 क्विंटल धान अब भी खरीदी केंद्रों में रखा हुआ है। जिले के 143 खरीदी केंद्रों में से 117 खरीदी केंद्रों में रखा धान बफर लिमिट से अधिक हो गया है। इस आंकड़े से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले के खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति बनी हुई है। शेष बचे हुए किसानों को धान बेचने के लिए अब मात्र 4 दिन का समय मिला हैं। इसी चार दिनों में उन्हें धान बेचना होगा।

### परसदा समिति में 17 हजार क्विंटल धान जाम

**अंडा।** सेवा सहकारी समिति परसदा पंजीयन क्रमांक 290 में धान खरीदी जोरों से की जा रही है। सहायक प्रबंधक संतराम साहू ने बताया कि अभी तक 42164.00 क्विंटल धान समिति में खरीदा जा चुका है। मिल को जारी 25240.00 क्विंटल भेजा जा चुका है समिति में अभी 16924.00 क्विंटल धान शेष बचा हुआ है। साथ ही साथ किसानों ने बताया कि हमारी सेवा सहकारी समिति परसदा में धान परिवहन नहीं होने के कारण धान की ढेरी लग गई है, जिसके कारण धान का स्टेक लगाने जगह का अभाव हो रहा है। किसानों ने शासन-प्रशासन से धान खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाने की गुहार लगा मांग की है। इसके साथ ही धान उठाव जल्द से जल्द करने की मांग की है, ताकि धान बेचने के लिए आने वाले किसानों के साथ ही समिति के लोगों को भी धान व्यवस्थित रखने में परेशानी न हो। इस अवसर पर ग्राम पंचायत परसदा के सरपंच कुलदीप, सिरसीदा सरपंच प्रेमलाल ठाकुर, अर्जुनी केसरपंच करुणा साहू के साथ किसान दयाराम साहू, कौशल मंडल, मोहन नेता, देवदत्त साहू, शंकर साहू, दुर्गाप्रसाद साहू, रमेश कुमार, रोहित मंडल, राजेन्द्र साहू, हुलाराम साहू, ओंकार शर्मा, अयोध्या प्रसाद शर्मा, ठाकुर, भुमुक, रामचरण साहू, ओमप्रकाश साहू, हुबलाल, अशोक कुमार सहित समिति प्रबंधक संतराम साहू कर्मचारी विक्रेता भारत लाल यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर चंद्रकिरण साहू, जगदेव प्रसाद साहू, नारद साहू के साथ ही अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

■ किसानों ने धान का परिवहन शीघ्र करने तथा खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग की

# कार की ठोकर से घायल महिला की इलाज के दौरान हुई मौत



**गुण्डरदेही।** खलारी नाला के पास सोमवार को जोरातराई पंचायत सचिव बिरेंद्र साहू की कार की ठोकर से घायल हुई अमेरिका बाई ठाकुर 55 वर्ष ग्राम आतर की मंगलवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

वहीं, दो अन्य घायल जोत कुंवर बाई ठाकुर 60 वर्ष ग्राम आतर व थानसिंग ठाकुर 55 वर्ष खुटेरी (रंग) का इलाज चल रहा है। बता दें कि सोमवार को जोरातराई के पंचायत सचिव बिरेंद्र साहू तेज रफ्तार अपने कार सीजी 24 एल 0136 से जोरातराई जा रहा था। इस बीच खुटेरी से दोनों महिला रिश्तेदार को गुण्डरदेही छोड़ने आ रही बाइक को खलारी नाला के पास जबरदस्त ठोकर मार दी। इससे तीनों को गंभीर चोट आई थी, जिन्हें 108 की सहायता से गुण्डरदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां हालात को देखते हुए उन्हें रेफर किया गया था, जिसमें घायल अमेरिका बाई ठाकुर को गंभीर चोट लगी थी और अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

■ सोमवार को खलारी नाला के पास हुई थी दुर्घटना

# बदली व ठंड ने बढ़ाई किसानों की चिंता, बीमारियों का खतरा बढ़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में अचानक बारिश होने के कारण ठंड का असर बढ़ने के साथ ही मौसमी फसलों पर भी बीमारियों और कीट-पतंगों का प्रकोप बढ़ने लगा है।

जिले में बीते कुछ दिनों से घने कोहरे का प्रभाव देखने को मिल रहा है वहीं, आसमान में काले बादल मंडराने लगे हैं। इसके कारण धूप का प्रभाव भी कम हो चुका है। वहीं, मंगलवार दोपहर के बाद और बीते सोमवार की मध्य रात के बाद अचानक बारिश का होना और काले बादल का आसमान पर छाए रहना किसानों के साथ ही आमनागरिकों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है, क्योंकि वर्तमान समय में दलहन, तिलहन और सब्जी की खेती की जा रही है, जो बेमौसम बारिश की चपेट में आने से बर्बाद हो सकती है। बेमौसम बारिश का सीधा असर दलहन, तिलहन और सब्जी की खेतों में पड़ सकता है, क्योंकि वर्तमान समय में दलहन



के तहत अरहर, चना, मटर और लाखड़ी की फसल खेतों में है, जो बारिश या आसमान में काले बादल के आने से कीड़े मकोड़े के प्रकोप से प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि बारिश कम होने के कारण चना या अन्य दलहन फसलों पर तत्काल प्रभाव नजर नहीं आ रहा है। वहीं, तिलहन फसल के तहत सरसों और अलसी की बात करें तो अभी इन फसलों में फूल खिल कर लहलहाने लगे हैं, जो खराब मौसम की चपेट में आने से फूल झड़ सकते हैं तथा कीड़ों का भी प्रकोप पड़ सकता है, जिसके कारण दलहन और तिलहन के उत्पादन पर सीधा असर पड़ सकता है। इसके अलावा सब्जी बाड़ी की खेती से जुड़े किसान भी परेशान नजर आ रहे हैं, उन्हें चिंता सताने लगी है कि कहीं बारिश ज्यादा हुई तो इसका सीधा असर सब्जी के खेतों में पड़ सकता है, क्योंकि फूल गोभी, पालक, भिंडी, बैगन, सेमी, धनिया, टमाटर, मिर्च जैसे अनेक मौसमी सब्जियों की खेती किसानों द्वारा की जा रही है, जो बेमौसम बारिश की चपेट में आने से खराब हो सकते है, वहीं मुनगा में लगे फूल खराब मौसम के प्रभावित होकर झड़ने लगे हैं तथा अन्य सब्जियों पर कीड़े मकोड़ों का प्रकोप बढ़ सकता है। गर्मी के मौसम में आने वाला फलों के राजा आम में फूलों का आना प्रारंभ हो चुका है, साथ ही खराब मौसम ने भी दस्तक दे दी है। उसके कारण आम के मौर पर खराब मौसम का असर पड़ सकता है और आम के फूल झड़ सकते है, जिसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा। इसलिए किसान आम के फूलों को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।





## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


# दान का पर्व छेरछेरा कल

**बालोद।** जिलेभर में कल गुरुवार को छेरछेरा पर्व मनाया जाएगा। हर साल पौष मास के पूर्णिमा के दिन यह त्यौहार पड़ता है। इस दिन बच्चों से लेकर बूढ़े तक एक दूसरे के घर धान मांगने जाएंगे। छेरछेरा त्यौहार के दिन धान मांगने की यह परम्परा कई सालों से चली आ रही है और आज भी इस परंपरा को लोग शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बखूबी निभाते आ रहे हैं। छेरछेरा प्रदेश के सबसे प्रसिद्ध और महत्वपूर्ण लोक त्यौहारों में से एक है, छेरछेरा अन्न दान का एक पारंपरिक त्यौहार है। यह त्यौहार पौष माह की पूर्णिमा के दिन नए धान से अन्न भंडार का कोठार के भर जाने की ख़ुशी में मनाया जाता है। इसे छेरछेरा पुन्नी, छेरछेरा तिहार भी कहा जाता है। दान लेने-देने के त्यौहार के रूप में इस पर्व को मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन दान करने से धन-धान्य की कमी नहीं होती। हर साल इस दिन बच्चे और वयस्क घर-घर जाकर अन्न दान मांगते है और इकट्ठा करते हैं। युवाओं द्वारा डंडा नृत्य किया जाता है।

## खबर संक्षेप



### सिलतरा ने जीती क्रिकेट स्पर्धा

**बालोद।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के अंतर्गत ग्राम सरेखा में 3 दिवसीय क्रिकेट का आयोजन किया गया था। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर थे। श्री चंद्राकर ने खेल का आनंद लिया तथा खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता में सिलतरा की टीम विजेता रही, वहीं द्वितीय स्थान पर ग्राम कोड़ेवा की टीम को मिला। जिपं सदस्य पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया।पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी और निरंतर आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया। साथ ही द्वितीय स्थान पर रही ग्राम कोड़ेवा के टीम के साथ अन्य खिलाड़ियों को और अधिक मेहनत के साथ खेलते रहने एवं आगे बढ़ने प्रेरित किया। चंद्राकर ने सभी युवाओं से अपील की कि हमें सभी प्रकार के खेलों में भाग लेना चाहिए, इससे हमारे स्वास्थ के साथ ही जीवन में अनेक लाभ होते हैं। साथ ही आयोजक समिति को उनके सफल कार्यक्रम के लिए बधाई एवं धन्यवाद दिए, जिसमें ग्रामीण अंचल के कई टीमों ने हिस्सा लिया।

### बाइक चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** अंतरजिला बाइक चोर गिरोह के दो युवको को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि एसीसीयू , छावनी, जामुल, भिलाई तीन, भिलाई नगर की टीम को सूचना मिलने पर मकान 50 एफ सड़क 16 सेक्टर 2 निवासी किशन देवांगन नंदनी रोड में चोरी की गई बाइक को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। टीम ने किशन को नंदनी रोड़ में घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के निशानदेही पर बाइक जप्त किया गया। इसके अलावा कंटेक्टर कालोनी सुपेला निवासी शेखर विश्वकर्मा सेक्टर 6 ए मार्केट से बाइक चोरी कर बेचने की फिराक में था। जिसे भी पुलिस गिरफ्तार किया है।

## पेज 11 का शेष

### 5100 दीपों से ...

अधिक दिए जलने से नगर पूरा रोशनी से सज गया था। भव्य आतिशबाजी से गगन में भी सितारों की छटा बिखर गई। मंजीरा, शंख की मधुर ध्वनि से गूंज उठा। कण कण में बसे भगवान श्रीराम के आगमन के उत्सव में नगरवासी राममय हो गए। इस अवसर पर नन्हे बच्चे भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान की वेशभूषा में पहुंचे। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू, पार्षद ललिता जामदार, समाज सेवी जयंत किरी, भूषणपुरी गोस्वामी, सुमित राजपूत ने भी बस स्टैंड में दीप प्रज्वलित कर आयोजन में सहभागी बने। लोगों ने थाल सजाकर श्री रामचंद्र की सामूहिक महाआरती की। संगीता सिन्हा ने कहा कि प्रभु राम जन जन के मन में बसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सदियों की प्रतीक्षा समाप्त हुई। भारत वर्ष एक नये आध्यात्मिक युग की ओर बढ़ रहा है। नगरवासियों ने दीप जलाए और खुशियां मनाई।

## अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का अंचल में दिखा व्यापक असर

# रामोत्सव में दिखा भक्ति व उत्साह का संगम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर के ग्राम मेढ़की के लोगों में काफी उत्साह रहा।

श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए सुबह से ही लोग अपने घरों के आंगन में रंगोली बनाते हुए नजर आए। ग्रामीणों द्वारा राम जी की भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे व आतिशबाजी के साथ निकाली गई। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं व युवतियों ने सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा के दौरान गांव में जय जय राम का नारा गूंजता रहा। शोभायात्रा के दौरान भगवान राम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान की झांकी का भी भ्रमण कराया गया, जहां ग्रामीणों ने पूरे भक्ति भाव के साथ उनकी पूजा अर्चना की।





### किसी भी घर में नहीं जला चूल्हा

इस अवसर पर हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर शाम को महाआरती की गई। उसके बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया। सोमवार की रात्रि को ग्राम मेंढकी में किसी भी घर में चूल्हा नहीं जला। इस दौरान पूरे ग्रामीणों ने हनुमान मंदिर के सामने एक साथ महिला, पुरुष व बच्चे कतारबद्ध बैठकर प्रसाद स्वरूप भोजन किया। इस दौरान राम भक्त होरी लाल गजपाल, गुणवंत लाल श्रीवास्तव, दिनेश गजपाल, देवेंद्र साहू, राजू साहू, टहल साहू, अम्ब्रेश हिरवानी, कमलेश श्रीवास्तव, धनराज साहू, हेमंत भारद्वाज, विक्की भारद्वाज, बैगा नंदकुमार साहू, तोमन साहू, लिखन साहू, रवि साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, डालेश्वर भारद्वाज, चंद्रकांत भारद्वाज, छबील साहू, तोमन साहू, चन्देश साहू, बल्ला भरद्वाज, देवाशीष साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## राम-सीता की वेशभूषा में नजर आए बच्चे







**बालोद।** भगवान रामलला की मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा के भव्य कार्यक्रम को लेकर बीते कुछ दिनों से जिले में खासा उत्साह नजर आ रहा है। इसी के साथ ही हर क्षेत्र में लोग नन्हें बच्चों को भगवान राम लक्ष्मण और माता जानकी के स्वरूप वेशभूषा पहनाकर उनकी पूजा अर्चना कर रहे हैं। शहर के अलग अलग क्षेत्रों से नन्हें बच्चों की कई आकर्षक तस्वीरें निकलकर सामने आई हैं।

## घीना में सशिमं के विद्यार्थियों ने निकाली शोभायात्रा



**बालोद।** सरस्वती शिशु मंदिर घीना में राम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य राम रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर घीना के विद्यार्थियों ने झांकी सजाकर विद्यालय प्रांगण से भ्रमण करते हुए राम दरबार मां जानकी मंदिर घीना से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। गांव भ्रमण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रात्रि में श्री तुलसी संगम मानस मंडली द्वारा श्रीराम कथा की प्रस्तुति दी गई।



डौण्डीलोहारा

## हम सबका सौभाग्य है कि प्रभु श्री राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के साक्षी बने : ललित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर दुर्ग ग्रामीण के विभिन्न स्थानों पर श्री राम उत्सव का आयोजन किया गया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर नगपुरा, बोरई, निकुम, जंजगिरी, उमरपोटी, चिरपोटी,अंडा, दुर्ग शहर में अग्रसेन चौक हनुमान मंदिर, पुलगांव नाला के नीचे हनुमान मंदिर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एवं हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

- विभिन्न स्थानों पर आयोजित रामोत्सव में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक

इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि लगभग 500 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद हमारा सौभाग्य है कि अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने हैं। यह एक ऐतिहासिक और गौरवशाली पल है और इस सब को साकार करने का श्रेय विश्व के सर्वमान्य नेता एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उन्होंने देश के करोड़ हिंदुओं के सपने को साकार किया। प्रभु श्री राम जिनके आदर्श को अगर हम अपने जीवन में आत्मसात कर लें, तो हम सब का जीवन सार्थक हो जाए। इस ऐतिहासिक और गौरवशाली पल को साकार करने के लिए ना जाने कितनों ने कार सेवकों अपना बलिदान दिया जिन राम भक्तों ने राम मंदिर को लेकर ने अपना बलिदान दिया है मैं उन्हें शत-शत नमन करता हूं। राम उत्सव में जनपद पंचायत सीईओ, जिला पंचायत सदस्य माया बेल चंदन, मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, नंदकुमार सेन, जनपद सदस्य भुनेश्वरी ठाकुर, रघुपति पियासू, सुखदेव देवांगन, सखाराम साहू ,चेतन यादव, राम सिंह ढीमर, दिलीप यादव समस्त ग्रामवासी उपस्थित हुए ।

## रेंगाडबरी में धूमधाम से मना रामोत्सव

**डौण्डीलोहारा।** ब्लॉक के वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में सोमवार को रथयात्रा के साथ राम लक्ष्मण सीता माता एवं हनुमान का झांकी निकालकर गांव के चौक चौराहे एवं गली मोहल्ले में रामजी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर में कलश यात्रा निकाली गई।

गांव की सेवा भजन मंडली द्वारा राम भजन करते एवं नाचते गाते हुए गली भ्रमण किया गया। दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। शाम को बस स्टैंड बाजार चौक में झांकी के माध्यम से मंच पर श्री राम जी को बेर खिलाया गया एवं बैंड बाजों के साथ गांव के लोगों ने नाचते गाते हुए खुशियां मनाई। पंडित लोचन प्रसाद शर्मा द्वारा हनुमान जी के मंदिर में पूजा



पाठ एवं हवन किया गया। शाम 5 बजे प्रसादी के रूप में नारियल का प्रसाद एवं खीर पुड़ी वितरण किया गया। मंदिर में दीप जलाए गए। कार्यक्रम में निषाद समाज के रघुनाथ निषाद अध्यक्ष, बलिहार निषाद, महेंद्र निषाद एवं फगुआ राम ग्राम पटेल जयेश जैन, शेखर निषाद, पाल सिंग यादव टीकम साहू नेमन कुमार साहू एवं निरंजन पडोटी श्रवण निषाद रेवाशंकर सोनी, प्रदीप सोनी, धर्मेंद्र साहू, आदेश साहू, विनोद सिन्हा, राम भुवन निषाद, दुर्जन साहू, बजरंग दल के सदस्यों सहित रेंगाडबरी के समस्त ग्रामवासी का सहयोग प्राप्त हुआ। रात्रि में रामायण का भी कार्यक्रम किया गया।

## रामोत्सव पर हुआ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग द्वारा आयोध्या में आयोजित श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा–रामोत्सव के तहत बालोद शहर में भव्यमय सांस्कृतिक कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 02 संजय नगर दुर्गा मंदिर रंगमंच में आयोजन किया गया। आयोजन में मानस मंडली



प्रतियोगिता में अराधना बालिका मानस परिवार द्वारा रामायण मानस ज्ञान का भव्यमय कार्यक्रम किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सदस्य राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग यशवंत जैन थे, अध्यक्षता नगर पालिका परिषद बालोद अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने की। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद राकेश यादव, पार्षद वार्ड क्रमांक 02 कमलेश सोनी, पार्षद वार्ड क्रमांक 14 चमेली साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि यशवंत जैन ने अपने 1990 के कारसेवा की गाथा बताई। उन्होंने बताया कि कारसेवा में गए कार्यकर्ताओं को बहुत कष्ट झेलकर अयोध्या जाना पड़ा। बहुत से लोग राम नाम में समा गए, बहुतों ने अपने प्राण न्योछावर किए। उन्होंने कहा कि सबके बलिदान का प्रतीक भव्य राम मंदिर है। कारसेवा के किस्से बताते बताते यशवंत जैन भावुक हो गए थे। विकास चोपड़ा ने कहा कि भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पूरे देश में ही नहीं, अपितु विदेश में भी उत्साह उमंग लोगों में दिख रहा है। इस अवसर पर सुरेश निर्मलकर, मंडल संतोष कौशिक, अमित चोपड़ा, राजेश सोनी, रवि पाण्डेय, विनोद जैन, नरेन्द्र सोनवानी, मधुकांत यदु ममता यदु, इंदु साहू, मीनाक्षी सोनकर, तुलेश साहू, मुरली साहू, राहुल साहू, चंद्रकांत निर्मलकर, ज्ञानेश सोनकर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे। नगर पालिका परिषद बालोद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील अग्रहरि ने बताया कि आयोजन में नगर पालिका के सफल क्रियान्वयन में नगर पालिका के कर्मचारी जसवत साहू, प्रमोद शर्मा, सुशांत चौहान, गिरिश साहू, रोहित साहू, दीपक सोनी एवं अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा।

### अराधना बालिका मानस परिवार को दी गई प्रोत्साहन राशि

आयोजन में मानस मंडली अराधना बालिका मानस परिवार को प्रोत्साहन स्वरूप 5000 रूपये की राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही कार सेवकों को सम्मानित किया गया। श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधा प्रसारण की व्यवस्था मोखला मांझी मंदिर में की गई थी।

## अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यालय में नहीं मिलने से अटक रहा कामकाज

**बालोद।** जिला मुख्यालय में स्थित विभिन्न शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों की मनमर्जी से जहां विभागीय कामकाज पर असर पड़ रहा है, तो वहीं आमजनता को भी विभागों के चक्कर लगाकर परेशान होना पड़ रहा है। दरअसल सफाई कर्मचारियों तथा उनसे ऊपर स्तर के कर्मचारी ही निर्धारित कार्य समय पर विभागों में पहुंच जाते हैं, जबकि उनसे ऊपर स्तर के अन्य अधिकारी कब कार्यालय पहुंचते हैं और कब यहां से चले जाते हैं इसकी जानकारी चपरासी से लेकर अन्य कर्मचारियों को भी नहीं होती। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई ऐसे विभाग के अधिकारी कर्मचारी हैं, जो दुर्ग, भिलाई तथा रायपुर क्षेत्र से यहां आते हैं और वे बकायदा ट्रेन से 12 बजे बालोद पहुंचते हैं और 2:30 से 3 बजे के आसपास पुनः ट्रेन से वे वापस लौट जाते हैं। यही कारण है कि विभागीय कामकाज हमेशा कछुआ गति से चलता है। यही स्थिति शहर के विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का है, जहां डीईओ कार्यालय के नजदीक स्थित बीएमओ कार्यालय में कई अधिकारी कर्मचारी सुबह 11 से 12 बजे तक कार्यालय पहुंचते हैं, जबकि दोपहर को भोजन अवकाश के बाद कार्यालय में नजर ही नहीं आते। ऐसे में इससे नीचे स्तर के कर्मचारियों को जरूरी कामकाज को आगे बढाने में परेशानी होती है, इससे काम अटका रहता है।

### कार्यक्रम में जैन समाज के लोग हुए शामिल

## पार्श्व दिव्यांग विद्या मंदिर उमरादाह में भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पार्श्व दिव्यांग विद्या मंदिर उमरादाह में सोमवार को भगवान पार्श्वनाथ की 13.5 फीट ऊंची मूर्ति को प्रतिष्ठित किया गया। इस अवसर पर आसपास क्षेत्र के जैन समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति सम्मिलित हुए।

मूर्ति को प्रतिष्ठित कराने विधिकारक विमलजी गोलछा रायपुर से पधारे थे। विधि विधान ओर संगीत के साथ प्रतिष्ठा की पूरी विधि कराई। पूजा के वस्त्र में काफी तादाद में लोगों ने पूजा विधि सम्पन्न कराने में परिवार जनों को सहयोग प्रदान किया, खैरागढ़ से पधारे भक्ति गीत गायक संभव लुनिया ने





भक्ति गायन के द्वारा लोगों को झूमने के लिए मजबूर किया। आगन्तुकों ने इस मूक बधिर स्कूल का निरीक्षण किया तथा इससे अत्यंत प्रभावित हुए। पढ़ाने वाले शिक्षक दुष्यंत साहू स्वयं मूक बधिर हैं तथा उन्हें पढ़ाने का अच्छा अनुभव भी है।

यहां की व्यवस्था से प्रभावित लोगों ने संस्था को सहयोग राशि प्रदान की। कुछ लोगों ने संस्था प्रमुख मूलचंद बाफना द्वारा संचालित इस संस्था में पढ़ने वाले दो–दो बच्चों के वर्ष भर के खर्च की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

संत ऋषभ सागरजी म सा एवं ऋजु प्रज्ञ सागरजी म सा की उपस्थिति में प्रतिष्ठा का कार्य सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संत द्वय ने प्रवचन भी दिया तथा आयोजन पूर्ण होने के पश्चात धमतरी जाने के लिए विहार भी कर दिया। बाफना परिवार के मूलचंद, मदनलाल गौतम बाफना ने समस्त आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सीमा को मिला दीर्घ कालीन सेवा अलंकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भारत स्काउट्स गाइड्स छत्तीसगढ राज्य मुख्यालय रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह में दीर्घ कालीन सेवा अलंकरण से सीमा साहू को सम्मानित किया गया।

- राज्यपाल विश्वभूषण ने राज्य के सर्वश्रेष्ठ स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर स्काउटर, गाइडर को किया सम्मानित

राजभवन रायपुर में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने राज्य के सर्वश्रेष्ठ स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर स्काउटर, गाइडर और 2022–23 में सफल सभी राज्यपाल पुरस्कृत स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर के सभी जिलों के प्रतिनिधि को राज्यपाल पुरस्कार प्रदान किए। इसी तारतम्य में एलटी गाइड कैप्टन (राज्य संयुक्त सचिव) एवं व्याख्याता शासकीय बालक उच्च माध्यमिक शाला गुरुर सीमा साहू को स्काउट गाइड में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर दीर्घकालीन सेवा अलंकरण सम्मान से राज्यपाल ने सम्मानित किया। यह सम्मान प्राप्त होने पर संस्था के प्राचार्य टी गौतम, स्टॉफ के साथ भारत स्काउट्स गाइड्स जिला संघ बालोद अध्यक्ष सुभाष पुसतकर, जिला मुख्य आयुक्त गिरीश चंद्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी मुकुल केपी साव, जिला सचिव कन्हैया लाल गजेंद्र, जिला संगठन आयुक्त प्रेमलता चंद्राकर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट भुवन लाल सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष मिलन सिन्हा, रोवर स्काउट लीडर नेमसिंह साहू सहित जिला संघ बालोद के पदाधिकारी, जिले के समस्त विकास खण्ड सचिव, संयुक्त सचिव एवं समस्त स्काउटर एवं गाइडर ने हर्ष व्यक्त किया।



## खबर संक्षेप



### संगीता ने थामा बल्ला

**गुरूर।** ग्राम आमापानी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ में विधायक संगीता सिन्हा पहुंची। वहां पहुंचकर उन्होंने खिलाड़ियों के साथ चर्चा कर उनका हौसला बढ़ाया। संगीता सिन्हा ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा छोटे से ग्राम में ऐसा आयोजन प्रेरणा देने वाला है। यह बताता है कि यदि मजबूत इच्छा शक्ति से कार्य करें तो कोई भी कार्य असम्भव नही है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, जितेंद्र यादव, आमापानी के बूथ के अध्यक्ष और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गुहा जयंती में शामिल हुई संगीता



**गुरूर।** ग्राम डोटोपार में निषाद समाज द्वारा आयोजित गुहा जयंती कार्यक्रम में विधायक संगीता सिन्हा शामिल हुईं। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष तामेश्वर साहू, टोमन साहू, दुर्गु राम, तोषण साहू, सरपंच, ग्रामीण व समस्त बूथ के अध्यक्ष कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जीने की राह दिखाती है रामायण : संगीता



**गुरूर।** ग्राम बालोदगहन में आयोजित रामायण प्रतियोगिता में विधायक संगीता सिन्हा शामिल हुईं। संगीता सिन्हा ने कहा रामायण आज कलयुग में भी जीवन जीने की राह दिखाती है। ग्रामों में आयोजित हो रहे रामचरित मानस सम्मेलन हमें प्रभु श्रीराम के आदर्शों का संदेश देती है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में विजयश्री दिलाने के लिए आभार प्रकट कर क्षेत्र की जनता की खुशहाली के लिए भगवान श्री राम से प्रार्थना की। संगीता सिन्हा के साथ में ब्लॉक अध्यक्ष तामेश्वर साहू, टोमन साहू, दुर्गु राम, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रभात ध्रुव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तोषण साहू, भगवान दास, क्षेत्र के जनपद सदस्य, ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

### चारवाही में गूंजा राम नाम



**बालोद।** ग्राम चारवाही में शीतला मंदिर प्रांगण पर स्थित श्री राम जानकी, हनुमान, शिव मंदिर में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा श्री राम जय राम का मंत्र का जाप सुबह 11 बजे से 1 बजे तक किया गया। उसके बाद सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ के साथ आरती भजन किया गया। शाम को भंडारा का आयोजन किया गया। वहीं, शाम होते ही घरों व मंदिरों में दीपक जलाए गए।



**रथ पर सवार प्रभु श्रीराम लखन ने किया नगर भ्रमण : गुरूर।** पांच सौ सालों बाद अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा एवं प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण की खुशी चारों ओर छाई रही। इस ऐतिहासिक पल की खुशी में सहाभागी बनने सभी ने तैयारी करते हुए नगर में विविध आयोजन किया गया। नगर में माहेश्वरी समाज द्वारा प्रातः भव्य शोभायात्रा निकाली गई। प्राचीन कालभैरव देऊर मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा श्रीराम जानकी मंदिर के लिए निकली। रथ पर प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, जानकी की वेशभूषा में बच्चे सम्मिलित हुए। इनकी जगह-जगह आरती उतारी गई। राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आहुतियां दी गई। शाम को सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। प्रत्येक घरों में रंगोली सजाई गई, शाम को दीपमालिका सजाई गई व आतिशबाजी की गई।

### अध्यात्म : मां शीतला मंदिर से निकाली गई भव्य शोभायात्रा

# जामगांव आर में मनी दीपावली, छलका उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

अयोध्या में नवनिर्मित भव्य मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर क्षेत्र के गांव गांव में दीपावली जैसा उत्सव राम भक्तो ने मनाया। इसी तारतम्य में जामगांव आर में भव्य कलश यात्रा मां शीतला मंदिर से निकली जो नगर के सभी गली मोहल्ला होते होते हुए समारोह स्थल बाजार चौक कला मंच पहुंची। समारोह में सन 1992 अयोध्या मंदिर कार सेवा यात्रा में गए ग्रामीणों का सम्मान किया गया। इसी बीच नगर के वरिष्ठ समाजसेवी कामता प्रसाद साहू ने अपनी ओर से व्यक्तिगत 50 से अधिक ग्रामीणों को शॉल भेंट कर बहुमान करते हुए अपनी मनोरथ पूर्ण की। जो किसी कारणवश समारोह में नहीं आ पाए, उनके घर जाकर भेंट किया गया।

प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व साहू ने नगर के सभी घरों में जाकर राम सीता हनुमान की तस्वीर भेंट की। पावन दिवस पर घर घर दीप जलाए और महाआरती किए भंडारा में प्रसाद ग्रहण किए । शीतला समिति रामायण समिति दुर्गा उत्सव समिति संयुक्त रूप से ग्रामवासियों के साथ मिलकर आयोजन को भव्यता प्रदान करने में सराहनीय भूमिका निभाए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोजेक्टर द्वारा समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में अयोध्या की राम लला प्राणप्रतिष्ठा संस्कार की आयोजन की लाइव प्रसारण देखा। ग्राम पुरोहित मुकेश शुक्ला के कर कमलों से ग्राम सरपंच राजकुमार ठाकुर, समस्त ग्रामवासी एवं अंगेश्वर साहू, सह पत्नी त्रिवेणी साहू की जोड़ी द्वारा विधिवत कलश पूजन कर सैकड़ों भक्त महिला पुरुष उत्साह के साथ भाग लिए। जामगांव आर का नजारा दीपावली सा बना रहा।



### 1992 के कार सेवकों का हुआ सम्मान

राम मंदिर निर्माण का संकल्प लेकर अयोध्या जाकर 6 दिसंबर 1992 को कार सेवा भागीदार बनने गए जामगांव आर निवासी कन्हैया लाल साहू, कचरा बाई निर्मलकर, शांति बाई भिंगज, जनक राम साहू, छन्नू लाल साहू, जीवलोखन चंद्राकर, कोमल साहू, बुधियारीन साहू एवं मरणोपरांत स्व. दयालु चंद्राकर, स्व.इंद्र कुमार शर्मा, स्व .झूलन बाई साहू, स्व .पुनई बाई साहू, स्व जाम बाई मराठा का सम्मान आयोजन समिति जामगांव आर ने किया।

## भगवा रंग में रंगे सिकोसा के ग्रामीण



**बालोद।** अयोध्या नगरी में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिकोसा में भी लोगों ने स्वफूर्त अपनी दुकान बंद कर गांव के प्रत्येक घर से महिलाओं ने कलश शोभायात्रा निकाली।

शोभायात्रा में महिलाएं एक ही रंग के वस्त्र में नजर आईं, वहीं पुरुषों ने भी भगवा रंग धारण किया था। जय श्री राम, जय सियाराम का भजन कीर्तन करते हुए उनकी अगुवाई की शोभायात्रा के प्रथम पंक्ति में गुरु घासीदास मंडली सिकोसा द्वारा पंथी नृत्य एवं यादव समाज द्वारा राउत नृत्य करते हुए शोभायात्रा के आगे-आगे चलते रहे। सिकोसा के उक्त आयोजन में कलश शोभायात्रा के दौरान स्थानीय मुस्लिम परिवार शब्बीर रिजवी व उनके परिवार द्वारा कलश शोभायात्रा का बड़े उत्साह से स्वागत किया।

■ धूमधाम से निकाली भव्य कलश शोभायात्रा

इस पर्व में शामिल होकर खुशी जाहिर की साथ ही इन मुस्लिम परिवार द्वारा प्रसाद व ठंडा पेयजल वितरण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिकोसा के सरपंच आरोप चंद्राकर, उप सरपंच गांव के नागरिक देवेंद्र देशमुख, भीष्म पटेल, अशोक पटेल, सुरेश राव, वेंकटेश्वर राव, बृजमोहन चंद्राकर, तोसपाल निषाद, वीरेंद्र चंद्राकर, ठाकुर रूपेंद्र सिंह, अनिल जैन, विकास जैन, रमन यादव, पंचराम यादव, संजय बारले, हेमलाल मारकंडे, आत्माराम पटेल, दानेश्वर देशमुख, संदीप देवांगन, कुलेश्वर शर्मा, राजकुमार यादव, तीरथ महादेव, पुरण महादेव सहित स्थानीय महिला संगठनों की विभिन्न टोलिया शामिल रही।

### बोड़रा में रामायण स्पर्धा में शामिल हुई संगीता



**गुरूर।** ग्राम बोड़रा में आयोजित भव्य रामायण प्रतियोगिता में विधायक संगीता सिन्हा प्रभु श्री राम के दरबार पहुंची। जहां रामायण का भव्य आयोजन महिलाओं द्वारा आयोजित कराया जाता है, जिसमें पूरे ग्राम का सहयोग रहता है।

रामायण मंच में पहुंची संगीता सिन्हा ने कहा ग्राम बोडरा पूरे विधानसभा में पहला ग्राम है, जहां की बहुएं आगे आकर इतनी बड़ी जिम्मेदारी उठाती हैं। पूरे रामायण प्रतियोगिता के कार्यों को सफलतापूर्वक कर सराहनीय व प्रेरणादायक कार्य कर रही है। उन्होंने प्रभु श्रीराम से क्षेत्र की जनता की खुशहाली के लिए भगवान श्री राम से प्रार्थना भी की। संगीता सिन्हा के साथ में ब्लॉक अध्यक्ष तामेश्वर साहू, टोमन साहू, दुर्गु राम, जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, जनपद सदस्य राजश्री, नोखे लाल, ग्रामीण व बूथ अध्यक्ष, कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सतनामी समाज ने मरीजों को बांटा फल

**बालोद।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सतनामी समाज द्वारा मरीजों को फल वितरण किया गया।

अध्यक्ष जिला सतनामी समाज बालोद संजय बारले, वरिष्ठ समाज सेवी एवं ज़िला संरक्षक पवन जोशी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर समाज के द्वारा गुण्डरदेही हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया और उनकी हालचाल जाना, साथ ही सहयोग प्रदान कर रहे हास्पिटल कर्मचारियों को भी फल दिया गया।



जिला संरक्षक पवन जोशी एवं जिला अध्यक्ष संजय बारले ने बताया कि आज का दिन इतिहास के पन्ने में दर्ज हो गया, पूरा भारत राम मय हो गया, बहु प्रतीक्षित रामलला मंदिर अयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा पूर्ण हुआ, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ने जिला एवं सभी प्रदेश वासियो को अयोधया राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की हार्दिक बधाई दी। उन्होने कहा सनातन धर्म की जीत हुई, सभी समाज मे काफी उत्सव का माहौल है, जगह जगह भण्डारे का आयोजन समाज व समिति के पदाधिकारी के द्वारा किया गया, भगवान रामचन्द्र जी की आरती उतारकर राम जी की जयकारे लगाये, वक्ताओं ने कहा भगवान रामचन्द्र जी की आदर्श पर चलकर समाज व देश का विकास संभव है। इस अवसर को यादगार बनाने में समाज के वरिष्ठ समाज सेवी मानसिंह देशलहरा, युवा ज़िला संयोजक दीपक बघेल, जिला विधि सलाहकार विजय बारले, तहसील सतनामी समाज महासचिव संदीप जोशी, छबि लाल बंजारे, भूपेन्द्र चाणक्य, समारू टंडन, रवि टंडन सहित समाज के प्रमुखों का सहयोग रहा।

## मानस सम्मेलन में गूंजा राम का नाम



**बालोद/कलंगपुर।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शासन प्रशासन द्वारा विकासखंड स्तरीय रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया।

■ जिला प्रशासन द्वारा किया गया विकासखंडस्तरीय आयोजन

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक कुंवरसिंह निषाद, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य मोंटी यादव, जनपद उपाध्यक्ष अजय जैन, सरपंच चमेली पटेल उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने सर्वप्रथम भगवान राम जी की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक कुंवरसिंह निषाद ने कहा कि भगवान श्रीराम कथा के श्रवण से मन के राग, द्वेष, ईर्ष्या और भेदभाव स्वतः समाप्त हो जाते हैं। श्री राम का नाम अनमोल है। राम का नाम लेने से जीवन में खुशियां आती हैं, जिसके हृदय में प्रभु के प्रति भाव जागते हैं। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि जिस पर हरि कृपा होती है, वह मनुष्य ही श्रीराम कथा में शामिल होता है। श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, इस सम्मेलन में शामिल होने हजारों की संख्या में क्षेत्रभर से लोग यहा पहुंच रहे है, निश्चित रूप से ऐसे धार्मिक कार्यक्रमो के आयोजन से गांव क्षेत्र में भाईचारा के साथ खुशिया आती है। आज का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद आज श्रीराम जी की जन्मभूमि में भव्य राम मंदिर का उद्घाटन हो रहा है। मोंटी यादव ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ में भगवान राम और रामायण के प्रति अटूट श्रद्धा है, आज का दिन दीपावली से कम नहीं है। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि सहित अनेक रामभक्त उपस्थित थे।

## ग्राम भेंड़ी में धूमधाम से मना रामोत्सव



**डौंडीलोहारा।** हिंदुओं की आन बान शान और आस्था का प्रतीक रहे अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा से पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं गांव गांव में राम की भक्ति में डूब गया है।

समीपस्थ ग्राम भेंड़ी में भी अवधूत सेवा समिति, बजरंग दल, शीतला सेवा समिति और ग्रामवासियों के सहयोग आज के दिन को यादगार बना दिया गया। राम दरबार की झांकी व 999 कलश के साथ शोभायात्रा निकालकर शीतला मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर होते हुए अवधूतेश्वर महादेव मंदिर मुक्तिधाम में श्री राम चंद्र, हनुमान जी और भोलेनाथ की महाआरती के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। खीर पूड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में गांव के यादवों द्वारा राउत नाचा और बच्चों महिलाओं द्वारा डीजे की धुन पर भगवान राम के भजनों पर नाचते झूमते हुए गांव का भ्रमण किया गया। बच्चे बुजुर्ग महिलाएं सभी पीले और भगवा रंग में रंगे हुए थे। रात में समस्त ग्रामवासियों के लिए भंडारा का आयोजन रखा गया था जिसमें तीन हजार लोगों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महासिंह राणा,खेमन्त साहू, गिरवर पांड़े, मोती पटेल,भरत पटेल, कमलेश ढाले,मन्नू लाल गांवरे, सतीश यादव, तोमेश्वर साहू, सुशील साहू, रमेश साहू, विरेन्द्र साहू ठाकुर राम राणा,जय सिंह, टेमेंद्र पांड़े, दीपक पांड़े,नंदू गावरे, उर्वशी ठाकुर, चिरंजीव साहू अंगेश्वर साहू,कृत निषाद, योगेश, डेविड, कीर्तन राव,टुमन पटेल, दिनेश जैन, पीतांबर पटेल, झुमुक सिन्हा, मिथलेश साहू,इंद्रपाल पटेल, हिरामन पटेल, अमर यादव, उमेश यादव, सुंदर यादव, डिकेश, ऐसे सुदामा पटेल,केसर, रुचि, भाव्या, पूर्वी, चांदनी,परितु, होमिका, गौरी का सराहनीय योगदान रहा।

### दर्रीटोला-परेंगुड़ा में निकली शोभायात्रा



**बालोद।** आयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में ग्राम दर्रीटोला परेंगुड़ा में कलश के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के इस ऐतिहासिक आयोजन को देख सभी गदगद हो गए, गांव का माहौल अयोध्या धाम लगने लगा। हर घर से प्रत्येक महिला सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुई। वहीं ग्रामीण भी इस शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान श्री रामचंद्र का रथ रहा, जिसे फूल-माला से सजाकर ज्योति कलश जलाकर गांव के प्रत्येक मोहल्ले से होते हुए मंदिर प्रांगण में ले जाया गया। गांव में यह यात्रा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चली। इस अवसर पर ग्राम पटेल गैदचंद मंडावी, लखन राम, कुंवर सिंह, रुपसिंह नेताम, बीरबल सिंह, भूसाखरे सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## खजाने की चाबी एवं सुखमय जीवन की प्रेरक कहानी पुस्तक की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम करहीभदर के सद्गुरु कबीर आश्रम के संत दिनेंद्र दास की दो पुस्तकें खजाने की चाबी 101 लघुकथाएं एवं सुखमय जीवन की प्रेरक कहानी की समीक्षा एवं कवि सम्मेलन हुआ।



सदगुरु कबीर साहेब की पूजा एवं आरती के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष हिंदी साहित्य भारतीय छत्तीसगढ़ बलदाऊ साहू ने कहा कि दिनेंद्र साहेब के अंतःकरण में समाज के बुराइयों के प्रति पीड़ा है, उस पीड़ा को इंगित करते हुए सुधार की बात कही है। अध्यक्ष मधुर साहित्य परिषद डॉ. अशोक आकाश बालोद ने पुस्तकों की समीक्षा करते हुए कहा उनके साहित्य में संदेशों को रचनात्मक रसात्मक अभिव्यक्ति और जीवन दर्शन का काव्यात्मक रंग देखने को मिलता है, पुस्तक के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए पथ प्रदर्शक का कार्य कर रहे हैं। कबीर आश्रम करहीभदर संत देवेंद्र साहेब ने कहा कि संत दिनेंद्र साहेब की पुस्तकें कबीर के विचारों से ओतप्रोत हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षा करते हुए पंडित मोहन प्रसाद चतुर्वेदी ने कहा कि दिनेंद्र दास जी संत हैं, उन्होंने जो कुछ लिखा लोगों के हित के लिए लिखा हैं। पुस्तक लेखक दिनेंद्र दास ने कहा कहानी लिखने का उद्देश्य इतना ही है कि समाज में फैले हुए कुरीतियां, अंधविश्वास पाखंड, ब्रह्म, भूत प्रेत, चमत्कार से ऊपर उठकर नई जागृति पैदा करना, विवेकवान बनना और सद्वाचरण अपनाना। जगदीश देशमुख, टीआर. महमल्ला, सीताराम श्याम ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन भरत बुलंदी ने किया ने किया। इस अवसर पर अमिता रवि दुबे, सुषमा आडिल, सीमा साहू, नेमीन साहू, डीडी गजेंद्र, अध्यक्ष रचना साहित्य समिति धर्मेंद्र श्रवण, देवघर साहू, डॉक्टर एचडी. महमल्ला, पुनूराम गुरुपंच, बेणीराम सार्वा, सरपंच ग्राम भानपुरी अरुण कुमार साहू, सरपंच करहीभदर लीलाराम डड़सेना व सैकड़ो की संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी
मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
डॉ. अभिषेक लॉज एम.एस. ऑर्थो (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. नरेश देवांगन एमबीबीएस, न्यूरो सर्जन (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ)
डॉ. गौरव त्रिपाठी कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. मुरारी वशानी डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
डॉ. यतीन देवांगन प्लास्टिक सर्जन
डॉ. उत्कर्ष नंदा एम.एस.सर्जन (जनरल सर्जन)
डॉ. एस.दास एमबीबीएस, एमडी (मैडीसिन विशेषज्ञ)
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ.आकाश अग्रवाल यूरोलॉजी

## खबर संक्षेप



### दीयों की रोशनी से जगमग हुआ ग्राम कुम्हली का राम दरबार

**जामगांव आर।** अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर कुम्हलि राम दरबार मंदिर भी रोशनी से जगमगा उठा। घर-घर दीप दान से वातावरण दीपावली सा बन गया। सरपंच डोमार साहू, दाऊ तेजेंद्र पिपरिया, उप सरपंच धनेश साहू ने बताया कि भगवान राम हम सबके आराध्य है और 500 साल बाद यह प्रसंग सौभाग्य वश आया है। हर मनुष्य खुशियों से सराबोर है कि भगवान राम भव्य मंदिर में विराजमान हो गए। इस उपलक्ष्य में कलश यात्रा का भी आयोजन किया गया।

### ग्राम सूरपा में हुआ रामायण पाठ



**जामगांव आर।** ग्राम सूरपा में अयोध्या में भगवान राम प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर रामायण पाठ हुआ। उसके पहले लोगों ने सफाई अभियान चलाया। दीप दान से दिवाली का नजारा बन गया। शोभायात्रा निकालने के बाद में खीर पूड़ी प्रसाद भक्तों को वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम प्रमुख सरोज साहू, प्रमोद जैन, देवानंद देवांगन, गजे साहू, बिस्नु साहू, राजेन्द्र साहू, डेमन कौसिक, रूपेंद्र, गिरधर धर्मगुड़ी, दीनदयाल देवांगन, किशोर यादव, किशन कौशिक, दौलत धर्मगुड़ी, सोमेश सिन्हा, नरेन्द्र धर्मगुड़ी का सहयोग सराहनीय रहा।

### घर पहुंचा बंदरों का झुंड, तिलक लगाकर खिलाया प्रसाद



**गुण्डरदेही।** सोमवार 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दिन नगर के पूर्व पार्षद राजेश नामदेव के निवास में सुबह बंदरों का झुंड पहुंच गया। उन्होंने सभी बंदरों की पूजा पाठ कर तिलक लगाया और बिस्कुट व सेव बूंदी का प्रसाद खिलाया।

### अलाव का सहारा



**गुरूर।** क्षेत्र में अचानक ठंडी हवाओं ने लोगो को कंपकपा दिया है, ठंड से बचने लोग गर्म कपड़ों के साथ अलाव का सहारा ले रहे हैं। ग्राम फागुनदाह में ठंड से बचने ग्रामीण अलाव का सहारा ले रहे हैं। बीते दो दिनों से क्षेत्र में अचानक मौसम बदलने के बाद ठंडी हवाएं चलने लगी है। जिनसे बचने के लिए लोग शॉल, स्वेटर के साथ अलाव का सहारा ले रहे हैं।

## उत्सव : रामोत्सव पर जगह-जगह हुए विविध कार्यक्रम, जिला प्रशासन द्वारा जुंगेरा में किया गया जिलास्तरीय आयोजन

# भगवान श्रीराम चंद्र की भक्ति में डूबे जिलेवासी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भगवान श्री रामचंद्र जी की जन्मस्थली अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिला भी भगवान श्री रामचंद्र की भक्ति से सराबोर होकर राम भक्ति के रंग में रंग गया था। जिले के जन प्रतिनिधियों, अधिकारी–कर्मचारियों, श्रद्धालुओं, साधु–संतों एवं राम भक्तों के अलावा किसान, मजदूर, व्यापारी, छात्र–छात्राओं, ग्रामीणों एवं आम नागरिकों सहित समाज के सभी वर्ग के लोग रामलला के प्राण–प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित समारोह में पूरे जोश एवं उत्साह के साथ शामिल हुए। जिले का वातावरण राममय हो गया था।

बालोद जिला प्रशासन द्वारा बालोद विकासखण्ड के ग्राम जुगेंरा के माँ बंजारी माता मंदिर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, केसी पवार, जनपद अध्यक्ष प्रेमलता साहू, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू सहित कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव, के अलावा जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

जुंगेरा में आयोजित जिला स्तरीय समारोह के अलावा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बड़गांव, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सोनईडोंगरी, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कमरौद, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम भैंसबोड़ में भी विकासखण्ड स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इसके अलावा जिले के गांव एवं ग्राम पंचायतों, आश्रम, छात्रवासों एवं अलग–अलग स्थानों में भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर मानस गायन, दीपोत्सव, कलश यात्रा आदि भक्तिमय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं के द्वारा गाजे–बाजे के साथ भगवान की भक्ति करते हुए महिलाओं ने कलश यात्र निकालकर नगर तथा अपने गांवों का भ्रमण किया। इस अवसर पर जिले के मंदिरों, चौराहों, आश्रम, छात्रावासों, नगर एवं ग्राम पंचायतों सहित विभिन्न स्थानों में सस्वर मानस गायन तथा भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन के अलावा राम भक्ति से ओतप्रोत गीत–संगीत की प्रस्तुति दी गई।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हेतु जिले के विभिन्न स्थानों में लाईव टेलीकास्ट की व्यवस्था की गई थी। जिसके माध्यम से जिले के नागरिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में अयोध्या में आयोजित समारोह से जुड़कर भगवान रामलला प्राण–प्रतिष्ठा के साक्षी बने।

### भजन संध्या से भक्तिमय हो गया वातावरण

भगवान श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरा होने के पश्चात जिले के श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों के साथ जन प्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी भगवान की भक्ति से ओतप्रोत सुमधुर गीत गाते हुए झूम उठे। समूचा वातावरण राम भक्तिमय हो गया था। इस अवसर पर आज जिले प्रमुख आस्था के केंद्र गंगा मईया मंदिर झलमला में रामचरित मानस पाठ के अलावा रामधुनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा रानीमाई, सियादेवी मंदिर सहित जिले के अन्य मंदिरों में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### देवसरा में हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का किया पाठ



**बालोद/निकुम।** अयोध्या में रामलला के विराजित होने के अवसर पर ग्राम देवसरा में भी उत्साह का वातावरण है। इस अवसर पर यहां बरगद की छाया में विराजित श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में ग्रामीणों ने रुद्राभिषेक कर चोला चंदन चढ़ाया और श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन किया। भगवान की पूजा-अर्चना कर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ कर सबके सुख-समृद्धि की कामना की। शाम को घरों में रंगोली सजाकर दीप जलाकर खुशियां मनाईं। इस अवसर पर वैद्यराज विरेन्द्र साहू, बीडी निर्मोही, छगनलाल साहू सहित बड़ी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे।

### खल्लारी व रेंगाकठेरा की मंडली ने जीती मानसगान प्रतियोगिता

**बालोद/निकुम।** बाल विकास नवयुवक मंडल व समस्त ग्रामवासी देवरी द के तत्वावधान में दो दिवसीय सस्वर मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार राग रंग मानस परिवार खल्लारी बागबाहरा, द्वितीय श्री कृष्ण मानस मंडली चैनगंज, तृतीय आनंद सागर मानसमंडली कोनारी, चतुर्थ श्रीराम मानस मंडली कबीरमठ नादिया, पंचम गुरुकृपा मानस परिवार पासंगी, षष्ठम सत्यम प्रचार मानस मंडली भोलापुर, सप्तम खजुराहो मानस मंडली कवर्धा ने प्राप्त किया। वहीं, महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार गौरी मानस मंडली रेंगाकठेरा, द्वितीय विधादेवी शारदा मानस मंडली सिंघौरी खुर्द, तृतीय श्री गीता संदेश बालिका मानसमंडली बहोरनभेण्ड्री, चतुर्थ संजीविनी बालिका मानस मंडली घुटकू नयापारा, पंचम जय मां सरस्वती बालिका मानस मंडली कोकड़ी रही। वहीं विशेष पुरस्कार दिया गया जिसमें सरपंच प्रतिनिधि चुम्मन साहू, चिम्मन साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 22 जनवरी को जन्मे बच्चों के लिए दिया गया चांदी का सिक्का

**बालोद।** अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि पर श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई। वहीं, राम भक्तों द्वारा शहर में आज जन्मे पुत्र व पुत्रियों को विशेष उपहार प्रतीक चिन्ह के रूप में चांदी का सिक्का भेंट किया गया। इसके साथ ही उनके परिजनों से बच्चों का नाम भगवान राम और माता सीता के नाम पर रखने का आग्रह किया गया।





उपहार पाकर परिजनों ने समिति के सदस्यों का आभार जताते हुए इनकी इस पहल की प्रशंसा भी की। परिजन खुशी के इस मौके पर भावुक भी हो गए। इस आयोजन में संजय शर्मा, शरद अग्रवाल, समीर गुप्ता, धीरज चोपड़ा, जनक चंद्राकर गोलू नूनीवाल, के डी मानिकपुरी, शर्देंद्र देशमुख, दिनेश तापड़िया, लालचंद (लालू), सुनील यादव, राज सोनी, प्रीतम यादव, कमल टुवानी, राकेश, सुनील जैन, कादंबिनी यादव, प्रीति देशमुख, ,तुलसी डोंगरे, पद्मनी साह, ममता यदु, खिन्नी ठाकुर, किरण अग्रवाल, कलिंग यादव, सरिता, सुशिला नूनीवाल, सरोज श्रीवास, किरण सोनी, संता कौशिक, शंकुतला सोनी, स्वाति दुबे, चमेली ढीमर, आशा चंद्राकर, पुष्पा देशमुख, भारती बाड़े, कामनी चंद्राकर, आशा नूनीवाल, अनिता ठाकुर, कामनी यादव, पूर्णिमा यादव, इंदु साहू, मीनाक्षी सोनकर शामिल थे।

## भगवान राम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान की झांकी के साथ निकाली शोभायात्रा

**अर्जुंदा।** अर्जुंदा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में आयोध्या राम लला प्राण प्रतिष्ठा एवं दीपोत्सव पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में नगर अर्जुंदा के स्वयंभू शिवलिंग मंदिर समिति द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई।

■ अर्जुंदा के स्वयंभू शिवलिंग मंदिर समिति द्वारा किया गया आयोजन

प्रातः 8 बजे स्वयंभू शिवलिंग मंदिर के पास पूर्णाहुति करते हुए पूजा अर्चना की गई। उसके बाद पूरे नगर में तकरीबन 500 श्रद्धालु माताओं एवं बच्चों ने सिर पर मंगल कलश रखकर पूरे नगर का भ्रमण किया। उसके बाद राम मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। शोभायात्रा के दौरान भगवान श्री राम सीता लक्ष्मण एवं पवन पुत्र हनुमान की भव्य झांकी भी साथ में निकली गई। इस पूरे कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। यह संपूर्ण कार्यक्रम स्वयंभू समिति के थैलेंद्र विश्वकर्मा, नेहर देवांगन, सुरेश गांधी, गोपेश निर्मलकर, इन सभी के नेतृत्व में एवं मार्गदर्शन में हुआ।





इसी क्रम में ग्राम अर्जुनी टिकरी में भी भव्य कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ग्राम अर्जुनी, टिकरी, गंगा मैया प्रांगण से शुरू होकर पूरे ग्राम टिकरी एवं नगर अर्जुंदा भ्रमण किया। इसमें भी श्रद्धालु भक्तिमय संगीत में थिरके एवं भगवान श्री रामचंद्र की जय कारे लगाते हुए निकले, जिससे पूरा वातावरण भक्ति में हो गया। ग्राम टिकरी में यह भव्य शोभायात्रा भीषम शर्मा, लेख तिवारी, संतोष गुप्ता, दिग्विजय ठेठवार, मंगलू साहू के मार्गदर्शन में निकाली गई।

### रामोत्सव पर रेंघई के ग्रामीणों ने मनाई दिवाली



**डौंडीलोहारा।** ग्राम रेंघई में युवा संगठन समिति द्वारा अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा भजन कीर्तन के साथ निकाली गई। इसके साथ ही जय गुरुदेव मानस परिवार गरियाबंद का आयोजन किया तथा महाप्रसादी के रूप में खीर-पूड़ी का वितरण किया गया।

इस अवसर पर ग्रामवासियों ने हर्षोल्लास के साथ दीपक जलाकर एवं पटाखे फोड़कर एक बार पुनः दिवाली मनाई। इस आयोजन में ग्राम के वरिष्ठ जन सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा संगठन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र पिस्दा, दिनेश माहला, लोमन अश्वार्य, ईश कुमार भूआर्य, धर्मेंद्र कुमार, खोलू पिस्दा, नरेंद्र पिस्दा, दुष्यंत कोलियारे, किसुन दड़ात दीनाराम अश्वार्य, केवल पिस्दा, निरंजन गांवरे, प्रीतम भुआर्य, लोभावन भुआर्य, महेंद्र दड़ात, उदय कोलियारे, डिलेश्वर अश्वार्य, चुरामन माहला, हेमन्त पटेल, मंगल साहू, प्रीतम साहू एवं सरपंच टिकेश्वरी चंद्राकर मुख्य रूप से शामिल हुए।




